14 प्रशासन ने संभाली सब्जी मंडी की व्यवस्था...





14 जिले में अटैचमेंट का खेल जारी, कई शिक्षक ...










हमले में घायल युवक के पेट, जांघ, कमर और पीठ में आई गंभीर चोटें, अस्पताल में उपचार जारी

# चाकू से हमला करने वाला युवक गिरफ्तार, रिमांड पर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी।

जिला पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक शादी समारोह के दौरान रास्ता मांगने के विवाद पर युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।



प्रार्थी विजय पटेल 19 वर्ष निवासी गिधौरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 जुलाई की रात करीब 10 बजे वह अपने दोस्तों (समीर पटेल और दीपक वर्मा) के साथ मोटरसाइकिल से वापस गिधौरी आ रहा था। इसी दौरान ग्राम परसापाली में एक शादी कार्यक्रम के चलते रोड पर डीजे बज रहा था और लोगों की भारी भीड़ थी। प्रार्थी व उसके दोस्तों द्वारा साइड से रास्ता मांगने पर वहां मौजूद परसापाली के दो-तीन लड़के उग्र हो गए और मां-बहन की गालियां देकर जान से मारने की धमकी देने लगे। जब प्रार्थी ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी कमल पटेल ने अपने पास से एक धारदार चाकू निकाला और प्रार्थी पर ताबड़तोड़ जानलेवा वार कर दिया। प्रार्थी द्वारा बचने के प्रयास के बावजूद आरोपी ने उसके पेट, जांघ, कमर और पीठ पर गंभीर वार कर लहूलुहान कर दिया, जिससे काफी खून निकल आया, घायल को तत्काल कसडोल अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल बलौदाबाजार रेफर किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना गिधौरी टुंडरा में धारा 118(2), 296, 115(2), 3(5) बी.एन.एस. एवं धारा 109 बी.एन.एस. के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए परसापाली निवासी आरोपी 22 वर्षीय कमल पटेल को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू को जब्त किया। आरोपी कमल पटेल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रकरण में अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाशी में पुलिस जुटी है। प्रकरण में विवेचना जारी है।

## पुरानी रंजिश पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार



**भाटापारा।** शहर के महावीर वार्ड स्थित अटल आवास के पास पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। प्रार्थी की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए भाटापारा शहर पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से वारदात में इस्तेमाल धारदार चाकू भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार महावीर वार्ड निवासी प्रार्थी जगेंद्र साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 जुलाई की शाम करीब 5 बजे वह अपने दोस्तों शिवम पंडित और मंगल यदु के साथ मंगल बाजार सब्जी लेने जा रहा था। इसी दौरान अटल आवास के पास स्थित एक किराना दुकान के सामने आरोपी राहुल बंजारे ने उन्हें रोक लिया। आरोपी पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। जब जगेंद्र ने इसका विरोध किया, तो आरोपी राहुल ने आज तुझे जान से मार डालूंगा कहते हुए हत्या की नीयत से अपने पास रखा धारदार चाकू निकाल लिया और जगेंद्र के सीने पर वार करने की कोशिश की। हमले के ▶▶ शेष पेज 12 पर

# विद्युत पोल को ठोकर मारकर पलटा ट्रेलर, दो ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

■ पांच विद्युत पोल टूट, बड़ा हादसा टला

ग्राम पंचायत घटमडवा में मंगलवार रात करीबन 8 बजे के आसपास अनियंत्रित ट्रेलर ने घटमडवा स्कूल के पास जोरदार नीम पेड़ पर टकराई, उसके बाद दो ट्रांसफर के पोल को ठोकर मारकर और पांच विद्युत पोल को तोड़ते हुए पलट गया। इस बडे हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन अनियंत्रित ट्रेलर से दो ट्रांसफर का विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया और पांच विद्युत टुट गये।

राखड से भरा ट्रेलर क्रमांक सी जी 04 क्यू बी 0124 भटगांव तरफ से आ रहा था और बलौदाबाजार रायपुर जा रहा था। घटमडवा में विद्युत पोल टुटने एवं ट्रांसफर क्षतिग्रस्त होने से आधे मुहल्ले की बिजली बंद हो गई। ट्रेलर चालक के पैर में चोंट लगी है और हालत ठीक बताया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक ट्रेलर नहीं उठाया गया था और ग्रामीणों ने बिजली व्यवस्था सुचारु रूप चालु करने की मांग की है।







## खबर संक्षेप



### नमस्ते दिवस पर सफाई मित्रों का सम्मान, रायपुर नगर निगम ने बांटी पीपीई किट

**रायपुर।** मंगलवार को नमस्ते दिवस के मौके पर निगम मुख्यालय भवन के सामान्य सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर ने सफाई मित्रों का सम्मान किया, और उन्हें पीपीई किट का वितरण किया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने कहा कि सफाई मित्रों की सुरक्षा और सम्मान हमारा दायित्व है। महापौर ने सफाई मित्रों से अपील की कि जोखिम के कार्यों को सफाई मित्र ना करें, अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें।

### अतिथि शिक्षकों ने किया शिक्षा मंत्री के बंगले का घेराव



**रायपुर।** मंगलवार को प्रदेश भर के अतिथि शिक्षकों ने अपने लंबित मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा के बंगले का घेराव किया। एकमुश्त मासिक वेतन देने, सेवा सुरक्षा, 12 माह का कार्यकाल और सम्मानजनक पदमान एवं नीति 2024 में आवश्यक संशोधन को लेकर अतिथि शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री के सामने अपना पक्ष रखा, पर विभागीय मंत्री 2 हजार प्रतिदिन मानदेय की प्रस्तावित व्यवस्था पर ही अडिग रहे। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि उनकी मूल मांग पर कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं मिला। अतिथि व्याख्याताओं ने स्थल पर बैठकर नारे लगाकर विरोध जताया। छत्तीसगढ़ अतिथि व्याख्याता संघ के अध्यक्ष लव कुमार वर्मा ने कहा कि प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा को बताया कि शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार 1 जुलाई से नियमित पढ़ाई प्रारंभ होनी चाहिए थी, पर आज भी कई महाविद्यालयों में अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति नहीं हुई है।

### स्कूली बच्चों को गणवेश पाठ्य पुस्तक वितरित



**रायपुर।** मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट द्वारा टिकरापारा स्थित उच्चतर माध्यमिक स्कूल में मंगलवार को स्कूली बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नाश्ते में बच्चों को पोहा और जलेबी दिए गए। इसी दौरान विद्यालय की प्राचार्या और मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक और साइकिल वितरित की गई। साथ ही एक पेड़ मां के नाम के तहत विद्यालय में ट्रस्ट की ओर से वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद प्रमोद कुमार साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष आशीष धनगर, विद्यालय की प्राचार्या संध्या तिवारी, प्रधानपाठक शैल शर्मा और ज्ञानेश पटेल, गुरुदेव संकर्षण शरण सहित स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहे।

### अटारी महाविद्यालय में किया पौधारोपण

**रायपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेचर क्लब के माध्यम से स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी रायपुर द्वारा मंगलवार को महाविद्यालय के बालक छात्रावास परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. राजलक्ष्मी सेलट व अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न प्रकार के पौधे मूंगा, पपीता, शहतूत, नींबू आदि फलदार वृक्ष प्राचार्य व छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वातावरण स्वच्छ बनाए रखने पेड़-पौधे अहम भूमिका निभाते हैं, साथ ही हरा-भरा बनाए रखते हैं। सुओ मोटो कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं एवं अधिकारी-कर्मचारियों को कुत्तों के काटने से बचाव के उपाय भी बताए गए।

# भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ कसडोल की वार्षिक बैठक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल**

विकासखंड मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के ऑडिटोरियम हाल में भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ कसडोल की वार्षिक बैठक हुई। इसमें जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त संदीप शर्मा, जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार, जिला संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष रामाधार पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं विकासखंड कसडोल के विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार ध्रुव एवं स्थानीय संघ अध्यक्ष देवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष गणेश शंकर साहू, उपाध्यक्ष मीना ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुतीक्षण साहू, मार्गदर्शक के आर कैवर्त्य सर एवं संरक्षक आर एस चौहान सर एवं सदस्य एमडी मानिकपुरी सर तथा सभी सक्रिय स्काउटर गाइडर की गरिमामय उपस्थिति में वार्षिक कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी विकासखंड सचिव जे आर बारले के द्वारा प्रस्तुत किया गया। तरुण्य वार्ता के तहत रामेश्वरी साहू मैडम के द्वारा पीरियड्स (महावारी) व पास्को के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं दल पंजीयन बी के कोशले सर के द्वारा दी गई। खुला मंच के दौरान सेजेस प्राचार्य मंडलेश्वर सर द्वारा आज के युवा पीढ़ी के मनोविकृति में उत्पन्न हिंसा



को लेकर विचार रखें इस पर जिला से आए हुए पदाधिकारी द्वारा बहुत ही सरल एवं सहज रूप से पारिवारिक एवं सांस्कृतिक उपचार बताएं। उक्त बैठक में डॉ अजय राव द्वारा विकासखंड में हर स्कूल तक स्काउट गाइड को पहुंचाने हेतु प्रेरित किया गया। इस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्काउटिंग गाइडिंग को हर संभव सहयोग करने की आश्वासन दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सक्रिय स्काउटर पी आर पुरैना, बी आर घृतलहरे, संतोष कुमार देवांगन, राकेश कैवर्त्य, हेतराम तिवारी, के डी मानिकपुरी, जितेंद्र कुमार एवं गाइडर सरस्वती देवांगन, संगीता पुरेना, साधना राकेश, कांति खूंटे आदि उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण में भाग लिया तथा संरक्षण का लिया संकल्प

# पलारी नगर पंचायत ने रोपे 200 फलदार और छायादार पौधे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी**

नगर पंचायत पलारी द्वारा नगर क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत दतान रोड स्थित पौधारोपण के लिए सुरक्षित स्थान पर 200 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया गया।

पौधारोपण अभियान के तहत गुलमोहर, पाम, कनेर, बादाम, आंवला, मदार, कटहल, जामुन, नीम एवं पीपल सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। अभियान का उद्देश्य नगर को अधिक हरा-भरा, स्वच्छ एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाना है।

इस अवसर पर शासकीय हाई स्कूल, शिशु मंदिर, स्वामी आत्मानंद, प्राथमिक शाला सहित नगर के अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण में



भाग लिया तथा पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण जागरूकता से जुड़े संदेशों के माध्यम से लोगों को वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि हम सभी की सतत जिम्मेदारी है। पौधे लगाना जितना आवश्यक है, उनका संरक्षण करना उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। जनसहभागिता से ही हरित एवं स्वच्छ समाज का निर्माण संभव है।

नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की सुरक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की अमूल्य धरोहर हैं। नगर पंचायत हरित पलारी के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर पौधारोपण एवं संरक्षण का कार्य करती रहेगी। प्रत्येक नागरिक यदि एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो हमारा नगर और अधिक सुंदर, स्वच्छ एवं हराभरा बन सकता है।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, नगरवासियों, नगर पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर एसडीएम दीपक निकुंज, राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य दुर्गा महेश्वर, जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, सीएमओ मनोज बजारा, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, पवन वर्मा, नंद वर्मा, पार्षदगण लेखु वर्मा, नेम सिंह बांधे, प्रतिभा धीरहे, कुमार धीवर, नारायण धीवर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# नवपदस्थ एसपी ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़**

जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ पुलिस में आज से एक नए नेतृत्व की शुरुआत हुई है। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद नए पुलिस कप्तान सीधे एक्शन मोड में नजर आए और उन्होंने जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना व चौकी प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

■ अवैध शराब, सट्टा-जुआ और असामाजिक तत्वों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने जिले की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम और लंबे समय से लंबित मामलों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही, उन्होंने जिले में सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों पर भी अधिकारियों से गंभीर चर्चा की।

इसके साथ ही उन्होंने गंभीर अपराधों के जल्द निपटारे, फरार एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ करने तथा अवैध शराब, सट्टा, जुआ और असामाजिक तत्वों के खिलाफ बड़े स्तर पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने के कड़े निर्देश जारी किए।

इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडेय, एसडीओपी सारंगढ़ स्नेहिल साहू, एसडीओपी बिलाईगढ़ विजय कुमार ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय संतोषी ग्रेस और रक्षित निरीक्षक जितेंद्र कुमार चंद्रा सहित जिले के सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने जेजेएम एवं पीएम आवास की ग्रामीणों से ली जानकारी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़**

विकासखंड के ग्राम शीतलपुर में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जल जीवन मिशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किए जा रहे कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों ने गांव में घर-घर पहुंचकर योजनाओं की जमीनी स्थिति का अवलोकन किया तथा हितग्राहियों एवं ग्रामीणों से सीधे संवाद कर योजनाओं की प्रगति और लाभ की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कुछ स्थानों पर नल कनेक्शन में आवश्यक तकनीकी सुधार करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

ग्राम शीतलपुर में जल जीवन मिशन के सफल संचालन पर जल अर्पण प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने ग्राम सरपंच नीता तिग्गा को जल अर्पण प्रमाण-पत्र सौंपा।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए जल जीवन मिशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम शीतलपुर में दोनों योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीणों में संतोष और विश्वास का वातावरण देखने को मिला। दौरे में जिला पंचायत सीईओ ऋषिकेश तिवारी उपस्थित थे।

# सुरभि गौ धाम में श्री गौ गोपाल और वास्तु पूजन महोत्सव आज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा**

गौ संरक्षण, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना को समर्पित श्री गौ गोपाल एवं श्री वास्तु पूजन महोत्सव का भव्य आयोजन 16 जुलाई को श्री सुरभि गौ धाम, रावणभाठा मैदान के पीछे, में आयोजित किया जाएगा। श्री हरि हर गौ धाम समिति, भाटापारा द्वारा आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में नगर एवं आसपास के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे।



कार्यक्रम में अखिल भारतीय संत समिति के प्रदेश अध्यक्ष संत रामस्वरूप दास महात्यागी जी महाराज का पावन सान्निध्य प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में प्रातः 10 से 12 बजे तक श्री गौ गोपाल एवं श्री वास्तु पूजन संपन्न होगा। इसके उपरांत दोपहर 12 से 1 बजे तक संत श्री रामस्वरूप दास महात्यागी महाराज का सत्संग एवं आशीर्वचन होगा। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे से सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा गौ माता भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और हमारी जीवन शैली की आधारशिला हैं। गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण, जैविक कृषि, मानव कल्याण और सामाजिक समरसता का भी सशक्त माध्यम है। श्री सुरभि गौ धाम में आयोजित श्री गौ गोपाल एवं श्री वास्तु पूजन महोत्सव हमारी सांस्कृतिक विरासत को नई ऊर्जा प्रदान करने वाला प्रेरणादायी आयोजन है। मैं भाटापारा नगर एवं आसपास के सभी नागरिकों से आग्रह करता हूँ कि वे अपने परिवार सहित इस महोत्सव में उपस्थित होकर गौ माता का पूजन करें, पूज्य संत रामस्वरूप दास महात्यागी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें तथा समाज में सेवा, संस्कार और सद्भाव के इस संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में अपनी सहभागिता निभाएँ।

# सरपंच महासंघ ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से की सौजन्य भेंट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन**

सरपंच महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष कपिल देव नायक के नेतृत्व में महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने ग्राम पंचायतों के सशक्तिकरण, पंचायत प्रतिनिधियों की समस्याओं, ग्रामीण विकास कार्यों में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों तथा पंचायत व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए विषयों को गंभीरता से सुना तथा पंचायतों के हित में आवश्यक एवं सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्राम पंचायतों को मजबूत बनाने और ग्रामीण विकास को गति देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा पंचायत





प्रतिनिधियों के सहयोग से विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष कपिल देव नायक ने उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि पंचायत प्रतिनिधियों की समस्याओं एवं सुझावों पर सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे, जिससे प्रदेश की ग्राम पंचायतों को मजबूती मिलेगी और ग्रामीण विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। इस अवसर पर सरपंच महासंघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे।

# जर्जर हाई स्कूल भवन से दुर्घटना की आशंका, मरम्मत की मांग

**पलारी।** शासकीय हाई स्कूल दतान का भवन इन दिनों काफी जर्जर हो चुका है, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। भवन की छत में जगह-जगह दरारें सीलिंग गिरते दिखाई दे रही हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है उपस्थित लोगों ने बताया की जोखिम को देख यहां कक्षा नहीं लगाई जाती है। जनपद पंचायत पलारी सभापति जामवंती नीलकमल साहू ने विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित विभाग से तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं अध्ययन करने आते हैं। ऐसे में जर्जर भवन में पढ़ाई कराना जोखिम भरा



है। उन्होंने शासन-प्रशासन से आग्रह किया है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भवन की शीघ्र मरम्मत कराई जाए अथवा आवश्यकता होने पर नए भवन के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। स्थानीय नागरिकों एवं अभिभावकों ने भी जल्द कार्रवाई की मांग की है।

**राजीव भवन में दोपहर से देर शाम तक लोगों से की मुलाकात**

# कांग्रेसियों ने मनाया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का जन्मदिन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

कांग्रेसियों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का जन्मदिन पूरे उत्साह और सादगी के साथ मनाया। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने सपत्नीक सुबह देवेन्द्र नगर के ऑफिसर कॉलोनी में भगवान भोलेनाथ के मंदिर में दर्शन करने के बाद वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में दर्शन एवं पूजन किया। उसके बाद वे नकटी के प्रभावितों से मिलने नकटी गांव गए तथा उनके दुख में सहभागी बने। दीपक बैज राजीव भवन में दोपहर 12 बजे से देर शाम तक कांग्रेसजनों एवं जन सामान्य से मिलते रहे। पूरे प्रदेश से कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बधाई देने के लिए राजीव भवन आये थे।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद फूलोदेवी नेताम, पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, डॉ. शिवकुमार डहरिया, अमरजीत भगत, महिला कांग्रेस अध्यक्ष



संगीता सिन्हा, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र तिवारी, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, बस्तर विधायक एवं उप नेताप्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल, विधायक दिलीप लहरिया, अनिला भेड़िया, जनक राम ध्रुव,हर्षिता स्वामी बघेल, महामंत्री दीपक मिश्रा, महामंत्री सकलेन कामदार सहित बड़ी संख्या में विधायक गण, प्रदेश पदाधिकारी बधाई देने राजीव भवन पहुंचे थे। इस असवर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने रक्तदान भी किया।

### ढेबर समर्थकों के साथ बैज ने काटा केक



*छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के जन्मदिन के अवसर पर पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने समर्थकों के साथ केक काटकर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा केक काटकर उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की। एजाज ढेबर ने इस अवसर पर कहा, दीपक बैज के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस संगठन लगातार जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठा रहा है। उनके संघर्षशील व्यक्तित्व और संगठन को मजबूत करने के प्रयासों से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे।*

पेज 11 का शेष

### पुरानी रंजिश पर चाकू ...

दौरान प्रार्थी जगेंद्र ने सूझबूझ दिखाई और अपनी जान बचाने के लिए तुरंत पीछे मुड़ गया। उसने अपने बाएं हाथ से चाकू के वार को रोका, जिससे चाकू उसके बाएं हाथ की कोहनी के पास जा लगा। हमले में उसका फुल शर्ट फट गया और हाथ से भारी मात्रा में खून बहने लगा। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए भाटापारा शहर पुलिस ने तुरंत जाल बिछाया और घेराबंदी कर संदेही राहुल बंजारे को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते हत्या की नीयत से हमला करने की बात कबूल की। आरोपी की पहचान राहुल बंजारे, पिता रोशन बंजारे 19 वर्ष निवासी महावीर वार्ड भाटापारा के नाम से हुई। पुलिस ने आरोपी के मेमोरेंडम कथन और निशानदेही पर महावीर वार्ड स्थित शनि मंदिर के पास छिपाकर रखा गया धारदार चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 109 एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## खबर संक्षेप

### नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने संभाला सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले का पदभार



**बिलाईगढ़।** वर्ष 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी सुनील शर्मा ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। सुनील शर्मा को प्रशासनिक और पुलिस सेवा का लंबा व उत्कृष्ट अनुभव है। इस जिले की जिम्मेदारी संभालने से पहले वे सुकमा और सरगुजा जिलों में बतौर एसपी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने पुलिस मुख्यालय रायपुर में एआईजी और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के एडीसी के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के दौरान पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडेय, एसडीओपी सारंगढ़ स्नेहिल साहू, एसडीओपी बिलाईगढ़ विजय कुमार ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय संतोषी ग्रेस और रक्षित निरीक्षक जितेंद्र कुमार चंद्रा सहित एसपी कार्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### करही बाजार में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन



**करहीबाजार।** ग्राम पंचायत करही बाजार के वार्ड क्रमांक 3 में बहुप्रतीक्षित सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ भूमि पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सभी सम्मानित पंचों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सरपंच ने कहा कि ग्राम पंचायत का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना है, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 3 में लंबे समय से सीसी रोड निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण से स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को वर्षभर बेहतर और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर सभी पंचों ने भी ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा, ताकि प्रत्येक वार्ड का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर सरपंच कमला अरुण निषाद, उपसरपंच अशोक पटेल, पंच अमरनाथ निषाद, मनीराम बंजारे, रामकुमार पटेल, कृष्णादास मानिकपुरी, सियाराम चक्रधारी, सतिस पाल, मुन्नी चक्रधारी, चित्रलेखा देवांगन, गिरधारी पटेल, रामप्रसाद पटेल, जनता पटेल, नरोत्तम निषाद, पवन पटेल, शत्रुहान पाल, परदेसी ध्रुव, शिवयदु सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए भाटापारा स्टेशन में लगा संरक्षा सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा




दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, इंजीनियरिंग, यांत्रिक तथा सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों के साथ भाटपारा स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें

शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां एवं गाड़ियों के परिचालन पर प्रभाव डालने वाली संभावित दशाओं की रिपोर्ट (सामान्य नियम 6.07), स्पैड से बचाव एवं ऑटोमैटिक सिग्नलिंग फेलुअर के दौरान दी जाने वाली प्राधिकार और चालक दवारा ली जाने वाली सावधानियां (सामान्य नियम 9.12) के संबंध में बताया गया। साथ ही इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा मानसून के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, पॉइंट्स एवं सिग्नल की विफलता के दौरान परिचालन एवं सिग्नल कर्मचारियों द्वारा बरती जनेवाली सावधानियां गिनाई गई। इसके अलावा गुडस शेड एवं साइडिंग से लोड क्लियर के दौरान हॉट एक्सल, ब्रेक बाइंडिंग, डोर हीटिंग, असामान्य लोड एवं तरपोलीन को लटकने से बचाव के लिए क्रू, ट्रैन मैनेजर एवं स्टेशन कर्मचारी के दवारा की जाने वाली जाँच, संरक्षा अनुपालन हेतु राजभाषा हिंदी का महत्व, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण, प्राथमिक उपचार पेटी के उपयोग का प्रदर्शन तथा अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन शामिल रहा।

इस संरक्षा सेमिनार में सुरेश चन्द्र, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी/रायपुर, सनत कुमार साव, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी-रायपुर तथा निकेश कुमार पाण्डेय, राजभाषा अधिकारी-रायपुर के साथ-साथ, संरक्षा सलाहकारों ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन-रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 2 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 67 लोगों ने भाग लिया।

## नव प्रवेशी 52 छात्राओं को मिली साइकिल

# हाईस्कूल की छात्राओं को सरस्वती योजना की साइकिलें वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान

शासकीय हाई स्कूल रवान में निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत नव प्रवेशी छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम रवान सरपंच निकिता भारती, जनपद सभापति शीतल घनश्याम वर्मा, उप सरपंच रोहित कुमार वर्मा, शाला प्रबंधन अध्यक्ष खेलन राम वर्मा, पंचायत सचिव प्रहलाद श्रीवास, पूर्व सरपंच घनश्याम वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि अक्षय भारती, पूर्व शाला प्रबंधन अध्यक्ष रमेश मार्कण्डेय ,शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गण, सेवक राम देवांगन, संतोष मांडले, प्रभारी प्राचार्य सारिका तिवारी, रतन लाल साहू (व्याख्याता) घनश्याम प्रसाद देवांगन व्याख्याता, कृष्ण कुमार वर्मा व्याख्याता, योगेश्वरी वर्मा व्याख्याता, दुर्गेश्वरी वर्मा अतिथि शिक्षक, भानुमति मार्कण्डेय आदि उपस्थित रहे। नव प्रवेशी कुल 52 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। नई साइकिल पाकर छात्राओं की मन प्रसन्न हो गए।

### उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचरी में छात्राओं को साइकिल वितरित



**खरोरा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचरी में राज्य शासन की सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना तथा छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है। साइकिल प्राप्त करने के बाद छात्राओं के चेहरे पर उत्साह और खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर प्राचार्य अशोक कुमार कोशले ने कहा कि /"सरस्वती साइकिल वितरण योजना शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। यह योजना छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित करेगी तथा उनकी शिक्षा की राह में आने वाली आवागमन संबंधी कठिनाइयों को काफी हद तक दूर करेगी। हमें विश्वास है कि छात्राएँ इस अवसर का सदुपयोग करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी और अपने परिवार, विद्यालय तथा समाज का नाम रोशन करेंगी।/" इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण प्रकाशचंद गिलहरे, भूमिसुता चौधरी, शारेका खान, आराधना बहुगुणा, रविकांत एवं संतोष धीवर सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

# अच्छी बारिश के अभाव में थमा कृषि कार्य, बोरवेल के सहारे लग रहे धान के रोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

क्षेत्र में इस वर्ष मानसून की अनियमितता का असर अब खेती-किसानी पर साफ दिखाई देने लगा है। शुरुआती दौर में हुई बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे थे और खेतों में धान की रोपाई का कार्य तेजी से शुरू हो गया था। बीते सप्ताह लगातार हुई बारिश के कारण कई किसानों को अपने खेतों से अतिरिक्त पानी तक निकालना पड़ा था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद मौसम ने करवट बदल ली और अब खेतों में पानी की कमी महसूस होने लगी है। बारिश थमने से खेतों की नमी तेजी से कम हो रही है, जिससे धान की रोपाई का कार्य प्रभावित होने लगा है। जिन किसानों के पास बोरवेल और अन्य सिंचाई संसाधन उपलब्ध हैं, वे किसी तरह पानी की व्यवस्था कर रोपाई कार्य को जारी रखे हुए हैं। वहीं छोटे और सीमांत किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि कुछ दिन पहले तक खेतों में पानी की अधिकता थी, लेकिन अब स्थिति इसके विपरीत हो गई है। लगातार सिंचाई के कारण कई बोरवेल का जलस्तर भी नीचे जाने लगा है और कुछ स्थानों पर बोरवेल पहले की तुलना में कम पानी देने लगे हैं, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान की रोपाई का कार्य प्रभावित होने के साथ उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है फिलहाल क्षेत्र के किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी हुई हैं।

# महाराष्ट्र में परिवार से बिछड़ा बालक सकुशल परिवार से मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- जिला प्रशासन के त्वरित समन्वय से परिजनों तक पहुंचा सालिकराम ध्रुव, भावुक हुए माता-पिता



कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में संचालित जिला संपर्क केंद्र की त्वरित कार्रवाई और प्रभावी समन्वय से महाराष्ट्र में अपने परिवार से बिछड़ा 15 वर्षीय बालक सालिक राम ध्रुव सकुशल अपने माता-पिता से मिल गया। बालक के सुरक्षित घर लौटने पर परिवार की खुशियां लौट आईं और भावुक माता-पिता ने जिला प्रशासन के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गिन्दोला, तहसील लवन निवासी दुलेश ध्रुव अपने परिवार सहित वर्तमान में कामठी (महाराष्ट्र) में मजदूरी कार्य करते हैं। इसी दौरान उनका 15 वर्षीय पुत्र सालिकराम ध्रुव अचानक परिवार से बिछड़ गया। कामठी थाना क्षेत्र में अकेले घूमते हुए पाए जाने पर स्थानीय पुलिस ने बालक को संरक्षण में लिया और उससे पूछताछ कर उसके परिजनों के संबंध में जानकारी जुटाई। जानकारी के आधार पर कामठी पुलिस ने 11 जुलाई को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में संचालित संपर्क केंद्र के हेल्पलाइन नंबर 9201899925 पर संपर्क कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही संपर्क केंद्र की टीम ने तत्काल सक्रिय होकर संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया तथा ग्राम गिन्दोला पहुंचकर बालक के परिजनों की प्रामाणिकता का सत्यापन कराया। इसके बाद सभी आवश्यक वैधानिक प्रक्रियाएं एवं काउंसलिंग पूरी कर बालक सालिकराम ध्रुव को सुरक्षित उसके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। कई दिनों बाद अपने बेटे को सकुशल सामने देखकर माता-पिता की आंखें खुशी से नम हो गईं। उन्होंने जिला प्रशासन की संवेदनशील कार्यप्रणाली, संपर्क केंद्र की तत्परता तथा कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में किए गए मानवीय प्रयासों के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन की सक्रियता के कारण उनका बिछड़ा हुआ बेटा सुरक्षित वापस मिल सका।

# रुद्राभिषेक और विशेष पूजन कर भगवान शिवलिंग की हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



नगर के वार्ड क्रमांक 15, सोमवारी बाजार स्थित नव-निर्मित शिव मंदिर में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को श्रद्धा, आस्था एवं भक्तिभाव के साथ रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन संपन्न कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के बीच भगवान शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर पूजा-अर्चना की तथा भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इससे पूर्व 14 जुलाई को कलश यात्रा निकाली गई थी, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई थी। प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर परिसर शिवमय वातावरण से गूंज उठा तथा श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयघोष के साथ धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। आयोजन समिति ने बताया कि महोत्सव के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जित किया। समिति ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पूर्व माध्यमिक शाला में बाल संसद का गठन



**गोपालपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला - जैतपुर में बाल संसद का गठन किया गया। गठन की प्रक्रिया के अंतर्गत विद्यालय में रिया बर्मन कक्षा आठवीं को प्रधानमंत्री, रितु टंडन को उपप्रधानमंत्री, सोनम टण्डन को सांस्कृतिक कार्यक्रम मंत्री, जया यादव को शिक्षा मंत्री, हेमलता निषाद को संस्कृति एवं खेलकूद मंत्री, अनिकेत भारती को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री, पुरूषोत्तम को खाद्य मंत्री, चांदनी यादव को पर्यावरण मंत्री, नंदनी निषाद को अनुशासन मंत्री नियुक्त किया गया। इसी प्रकार भुवनेश्वरी बंजारा कक्षा आठवीं को कक्षा नायक, रचना को उपकक्षानायक, यासना टण्डन कक्षा सातवीं को कक्षा नायक, रोशनी निषाद को उपकक्षानायक, राधिका निषाद कक्षा छठवीं को कक्षानायक, सुहानी निषाद को उपकक्षानायक बनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानपाठक जगदीश प्रसाद अजय तथा शिक्षक राधेश्याम नीलकमल, अनिता महिष, सुनिता भारती, संतोष कुमार देवांगन, रिजवाना बेगम ने सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई तथा उन्हें विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता, नियमित उपस्थिति एवं शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**न्यायालय- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रायगढ़ के अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश भटगांव, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**प्रोसेस क्रमांक 689 से 697**

जैजेराम .... वादी

// बनाम //

परमेश वगै. ..... प्रतिवादीगण

यह कि वादी ने इस न्यायालय में एक व्यवहार वाद वास्ते घोषणा, दत्तक पुत्र होकर एक मात्र उत्तराधिकारी कराने, बंटवारा कब्जा एवं स्थायी निषेधाज्ञा कराये जाने बाबत प्रतिवादीगण के विरुद्ध प्रस्तुत किया गया है, जो कि वादीगण के द्वारा ग्राम भटगांव, प.ह.नं. 05, तहसील-भटगांव, जिला - सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) में स्थित वाद भूमि खसरा नं. क्रमशः 2252/2, 2347, 2612, 3666 का रकबा क्रमशः 0.081, 0.036, 0.065, 0.020 हे. कुल खसरा नं. 04 कुल रकबा 0.2020 हे. के संबंध में यह मामला प्रस्तुत किया गया है। उक्त मामले की सुनवाई पेशी दिनांक 29.07.2026 को दिन 10:30 बजे इस न्यायालय में होगी।

आप 1. श्री परमेश पिता स्व. रामाधार, उम्र - 42 साल, 2. भुस्की पति स्व. बिसाहू, उम्र 65 वर्ष, 3. रूपा पिता स्व. बिसाहू, उम्र 47 वर्ष, 4. मालती पिता स्व. बिसाहू, उम्र-45 वर्ष, 5. हीरालाल पिता स्व. परदेशी, उम्र 53 साल, 6. रामलाल पिता परदेशी, उम्र-51 साल, 7. भोगमती पिता जुगरू, उम्र- 65 साल, 8. कारी पिता जुगरू, उम्र- 67 साल, 9. तीजबाई पिता जुगरू, उम्र-65 साल, सभी साकिन-भटगांव, थाना-भटगांव, जिला- सारंगढ़- बिलाईगढ़ (छ.ग.) को इस मामले में अपना पक्ष रखना होगा या कोई आपत्ति हो तो नियत पेशी तारीख को स्वयं या किसी अधिकृत व्यक्ति या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकता है और अगर नियत पेशी तारीख को आप लोगों के द्वारा कोई आपत्ति नहीं किया जाता है तो आप लोगों के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

नोट- यदि किसी कारणवश नियत पेशी दिनांक को अवकाश घोषित होने पर प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर होगी। आज दिनांक 15.07.2026 को न्यायालय के मुहर व मेरे हस्ताक्षर द्वारा जारी किया गया।

मुहर

**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी रायगढ़ के अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश भटगांव, जिला - सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

# भूपेन्द्र बने भाजयुमो टुण्ड्रा मंडल के महामंत्री, नई कार्यकारिणी की घोषणा



**गिधौरी ।** भाजयुमो टुण्ड्रा मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के मार्गदर्शन, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा की प्रेरणा, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव के निर्देश तथा भाजयुमो जिला अध्यक्ष प्रणम्य पाण्डेय एवं मंडल अध्यक्ष दुर्गेश साहू की सहमति एवं जिला नेतृत्व के मार्गदर्शन में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष संजय देवांगन ने मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की नियुक्ति की घोषणा की। नई कार्यकारिणी में हसुवा निवासी भूपेन्द्र साहू को भाजयुमो टुण्ड्रा मंडल का महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनके साथ युवराज पटेल कौवाताल को भी महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भूपेन्द्र साहू की नियुक्ति पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की उम्मीद जताई है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में धनीराम पटेल बलौदा, हेमलता वर्मा गिधौरी, गुलशन पटेल खपरीडीह एवं राजपाल यादव मटिया को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं मंत्री पद पर सागर देवांगन टुण्ड्रा, देव प्रसाद गिधौरी, प्रफुल्ल श्रीवास अमोदी एवं सीताराम यादव मड़वा को नियुक्त किया गया है।इसके अलावा नारायण धीवर टुण्ड्रा को कोषाध्यक्ष, धर्मेन्द्र गोंड़ बलौदा को सह-कोषाध्यक्ष, देवेन्द्र साहू टुण्ड्रा को कार्यालय प्रभारी, दिनेश देवांगन टुण्ड्रा को मीडिया प्रभारी, महेन्द्र साहू अमलीडीह को सह-मीडिया प्रभारी, जयकिशन पटेल टुण्ड्रा को सोशल मीडिया प्रभारी, विवेक देवांगन टुण्ड्रा को आईटी सेल प्रभारी, अर्जुन पटेल गिरौद को 'मन की बात' प्रभारी, कमल नारायण केंवट टुण्ड्रा को प्रचार-प्रसार मंत्री, प्रीति देवांगन टुण्ड्रा को कन्या संयोजिका तथा निशा साहू गिरौद को सह-कन्या संयोजिका बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दुष्यंत केशरवानी, विनोद साहू, सहदेव साहू, बादल देवांगन, सचिन मधुकर, प्रकाश यादव, लीलाधर केशरवानी, रिंकू गुप्ता, लखेश्वर साहू, अजय पटेल, देवलाल वर्मा, कलेश्वर पटेल, नरसिंग साहू, भोजराम बघेल, सुकदेव पटेल, यशवंत केंवट, सुरेश देवांगन, नितेश साहू, आशीष पटेल, रामा केंवट, बिट्टू वैष्णव, कृष्णा यादव और चिंटू साहू को शामिल किया गया है। नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि युवा मोर्चा का उद्देश्य युवाओं को संगठन से जोड़ना, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना रहेगा।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# खबर संक्षेप

## मोहरेंगा में स्कूल प्रबंधन समिति का गठन




**खरोरा।** भारत सरकार के दिशा निर्देश 2026 और स्कूल शिक्षा विभाग के अदेशानुसार विद्यालय के विकास, सुचारु रूप से संचालन और शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए संकुल केन्द्र मोहरेंगा के शा नवीन शाला मोहरेंगा में नवीन विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन हुआ। इसमें ग्राम प्रमुख श्यामा बाई धीवर के सरंक्षण में 75 प्रतिशत पालक सदस्यों और 25 प्रतिशत पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षाविद् का मनोनयन सर्व सहमति से किया गया। जिसमें सरक्षक श्यामा बाई धीवर, अध्यक्ष भागीरथी साहू, उपाध्यक्ष डिकेश्वरी वर्मा, सचिव शैलेंद्र कुमार डहरिया, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार वर्मा पंच ललित वर्मा, शिक्षाविद् सूर्यकांत त्रिपाठी पालक सदस्य सुधा वर्मा, पार्वती वर्मा, रत्ना मानिकपूरी, शैलकुमारी वर्मा, केशरी पटेल, दिनेश्वरी धीवर, भगवती साहू,धनेश्वर् वर्मा चिंताराम धीवर का मनोनयन किया गया। मनोनयन के पश्चात शाला के शिक्षकों के द्वारा गुलाल टीका लगाकर शुभकामनाएं देकर शाला के और बच्चो के सर्वागिण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका, कर्तव्यों और अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही अडानी फाउंडेशन के उत्थान सहायक महेंद्र देवांगन द्वारा फॉउडेशन के शिक्षा, सामुदायिक जगरूकता लाने की जा रही गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारियां साझा की गई।

## सेल में आज निकाली जायेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**सेल ।** ग्राम पंचायत सेल में 16 जुलाई को जगन्नाथ भगवान का रथयात्रा निकाला जाएगा। स्थानीय शीतला चौंक में कार्यक्रम का आयोजन रखा गया हैं। राधे राधे नवयुवक समिति के द्वारा आयोजित किया गया है। स्थानीय सूतियापारा राधा कृष्ण मंदिर से निकलते हुए सूतियापारा होते हुए गुड़ी चौंक उत्तिपारा होते हुए रथयात्रा निकाला जाएगा भगवान बलभद्र बहन सुभद्रा का झांकी निकाला जाएगा। जिसमें गजामुंग का प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति के द्वारा शाम 4बजे निकाला जाएगा। हर वर्ष की भांति इसी वर्ष भी परंपरा के अनुसार रथयात्रा निकाला जाएगा भगवान बलभद्र बहन सुभद्रा को दर्शन करने के लिए जनसैलाब उमड़ेगा। हिंदू धर्म में भगवान विष्णु के अवतार में श्रीकृष्ण का एक ही स्वरूप हैं। वे जगन्नाथपुरी उड़ीसा के स्थित मंदिर प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर हिंदुओ का प्रमुख 4 में से एक यहां वे अपने अपने बड़े भाई बलभद्र (बलराम ) बहन सुभद्रा के साथ पूजा जाते हैं। जगन्नाथ भगवान का रथयात्रा निकाला जाएगा भगवान बलभद्र बहन सुभद्रा का झांकी निकाला जाएगा । जयकारे से गूंजेंगे हर्षोल्लास के साथ रथयात्रा निकाला जाएगा ।

## रथ यात्रा पर रामायण चौरा और देव प्रतिमा स्थापना महोत्सव

**खरोरा।** समीपस्थ ग्राम कठिया नं. 1 में रथ यात्रा के पावन अवसर पर नव-निर्मित रामायण चौरा में भगवान श्रीगणेश, भगवान श्रीसीताराम एवं श्री हनुमानजी की प्रतिमाओं की स्थापना के उपलक्ष्य में भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के अंतर्गत प्रातः 11 बजे रामधुनी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसके पश्चात दोपहर 1 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन एवं देव प्रतिमाओं की स्थापना संपन्न होगी। शाम 4 बजे श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा तथा रात्रि 8 बजे आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के सुप्रसिद्ध कलाकार रोमित ध्रुव एवं चंचल मानस मंडली, टोनाटार द्वारा संगीतमय रामायण की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। इस संपूर्ण धार्मिक आयोजन का आयोजन आदर्श रामायण एवं रामलीला मंडली, ग्राम कठिया नं. 1 द्वारा किया जा रहा है। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर धार्मिक अनुष्ठानों, महाप्रसादी एवं संगीतमय रामायण का पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# प्रशासन ने संभाली सब्जी मंडी की व्यवस्था, सफाई और पार्किंग सुधार कार्य शुरू

### सब्जी विक्रेताओं को निर्धारित स्थानों एवं उनके लिए बनाए गए चबूतरों पर व्यापार करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

हरिभूमि समाचार पत्र में सब्जी बाजार की बदहाल व्यवस्था, गंदगी और अव्यवस्था को लेकर प्रकाशित समाचार का असर बुधवार को देखने को मिला। सुबह से ही नगर पालिका प्रशासन ने बाजार परिसर को व्यवस्थित करने की कार्रवाई शुरू कर दी। सब्जी विक्रेताओं को निर्धारित स्थानों एवं उनके लिए बनाए गए सुरक्षित चबूतरों पर बैठकर व्यापार करने के निर्देश दिए गए, जिससे बाजार में आवागमन सुचारू होने लगा।

खबर का असर

नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन के निर्देश पर बाजार की व्यवस्था सुधारने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। सड़क और गलियारों में बैठे विक्रेताओं को व्यवस्थित रूप से चबूतरों पर स्थानांतरित कराया गया। साथ ही बाजार में वाहन पार्किंग की व्यवस्था भी दुरुस्त की जा रही है, ताकि ग्राहकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगरपालिका द्वारा बाजार परिसर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। कचरा एवं सड़ी-गली सब्जियों के सुरक्षित निस्तारण के लिए डस्टबिन रखवाए गए हैं। इसके अलावा विद्युत प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है तथा लंबे समय से बंद पड़ा सुलभ शौचालय भी पुनः प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे व्यापारियों और ग्राहकों को आवश्यक सुविधाएं मिल सकें।






### शुरू हुई प्रशासनिक कार्रवाई

गौरतलब है कि हरिभूमि ने रविवार को विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग योगेश अग्रवाल द्वारा उठाई गई चिंताओं को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। उन्होंने बारिश के मौसम में बाजार की गंदगी, जलभराव और अव्यवस्था से हैजा, डायरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों के खतरे की आशंका जताते हुए नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन और सुव्यवस्थित संचालन की मांग की थी। बुधवार को शुरू हुई प्रशासनिक कार्रवाई से व्यापारियों और आम नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि बाजार की व्यवस्था अब स्थायी रूप से बेहतर होगी तथा स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण में व्यापार एवं खरीदारी संभव हो सकेगी।

### वीएसके ऐप उपस्थिति पर उठे सवाल

# जिले में अटैचमेंट का खेल जारी, कई शिक्षक अब भी मूल स्कूल से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार






छत्तीसगढ़ शासन ने पिछले वर्ष 5 जून से सभी शिक्षकों के संलग्नीकरण समाप्त करने का स्पष्ट आदेश जारी किया था। इसके बावजूद बलौदाबाजार जिले में आज भी कई शिक्षक और कर्मचारी मूल पदस्थापना छोड़कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, विकासखंड शिक्षा कार्यालय, बीआरसी, समग्र शिक्षा, ग्रंथालय, छात्रावासों और अन्य कार्यालयों में कार्यरत हैं। सवाल यह है कि जब शासन का आदेश एक वर्ष पहले ही लागू हो चुका था, तब आखिर इन शिक्षकों को किसके आदेश पर कार्यालयों में रोके रखा गया? स्थिति तब और गंभीर हो गई जब शिक्षा विभाग ने हाल ही में आदेश जारी कर सभी शिक्षकों के लिए वीएसके ऐप के माध्यम से मूल संस्था से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य कर दिया। स्पष्ट निर्देश हैं कि निर्धारित स्थान से उपस्थिति दर्ज नहीं होने पर वेतन प्रभावित होगा। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जो शिक्षक आज भी मूल स्कूलों में नहीं लौटे हैं, वे अपनी उपस्थिति कहां से दर्ज करेंगे? क्या उनके लिए अलग नियम लागू होंगे या फिर उन्हें विशेष छूट दी जाएगी? यदि वे कार्यालयों में कार्य कर रहे हैं तो उनका वेतन किस आधार पर तैयार होगा?

गौरतलब है कि लोक शिक्षण संचालनालय ने 19 मई को विधानसभा शून्यकाल के लिए जारी पत्र में स्पष्ट किया था कि स्थानांतरण नीति-2025 की कंडिका 3.17 के अनुसार 5 जून 2025 से सभी संलग्नीकरण स्वतः समाप्त माने जाएंगे। इसके बाद सभी जिलों से ऐसे शिक्षकों की जानकारी मांगी गई थी जो आदेश के बावजूद मूल पदस्थापना से बाहर कार्यरत हैं। इसी क्रम में 30 जून को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बलौदाबाजार ने 13 शिक्षकों एवं कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से उनकी मूल संस्था में लौटने के आदेश जारी किए। इनमें बीईओ कार्यालय, डीईओ कार्यालय, समग्र शिक्षा, कलेक्टर कार्यालय, बीआरसी, जिला ग्रंथालय तथा अनुसूचित जाति छात्रावासों में कार्यरत शिक्षक शामिल हैं। हालांकि कई अन्य शिक्षक अब भी विभिन्न कार्यालयों में पदस्थ हैं, जिन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### शिक्षकों के हटने से कार्यालयीन कार्य प्रभावित होंगे

इस पूरे मामले पर जिला शिक्षा अधिकारी संदीप शर्मा का कहना है कि /"कुछ ऐसे स्थान हैं जहां शिक्षकों के हटने से कार्यालयीन कार्य प्रभावित होंगे। आवश्यक कार्य पूरा होने के बाद उन्हें मुक्त किया जाएगा। शासन को भी प्रस्ताव भेजा गया है। संबंधित स्थानों पर नई नियुक्ति होने के बाद ही उन्हें कार्यमुक्त किया जाएगा।/" हालांकि डीईओ का यह तर्क शासन के आदेश से मेल नहीं खाता दिखाई देता। यदि संलग्नीकरण 5 जून 2025 से स्वतः समाप्त हो चुके थे, तो फिर एक वर्ष तक शिक्षकों को कार्यालयों में बनाए रखने का अधिकार किसके पास था? क्या जिला स्तर पर शासन के आदेश को स्थगित किया जा सकता है? यदि शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, तो क्या उसकी स्वीकृति प्राप्त हुई? और यदि नहीं, तो इस अवधि में इन शिक्षकों की उपस्थिति और वेतन का निर्धारण किस नियम के तहत हुआ? शिक्षा विभाग में शासन के आदेशों के पालन, प्रशासनिक जवाबदेही, वीएसके ऐप की अनिवार्यता और नियमों के समान अनुपालन पर बड़ा सवाल बन गया है। यदि सामान्य शिक्षक को मूल संस्था से उपस्थिति दर्ज नहीं करने पर वेतन रोकने की चेतावनी दी जा रही है, तो कार्यालयों में अब भी जमे शिक्षकों के लिए क्या अलग व्यवस्था लागू होगी? यह सवाल अब शिक्षा विभाग और शासन, दोनों से जवाब मांग रहा है।

# गोपालपुर का आंगनबाड़ी भवन जर्जर, कलेक्टर से शिकायत




हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

■ नया भवन स्वीकृति के लिए कलेक्टर के जनदर्शन में दिया आवेदन

महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय भटगांव के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केंद्र गोपालपुर के भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। दीवाल जगह जगह क्रेक हो चुकी है, लेंटर से पानी टपक रहा है और पलास्टर गिर रहा है। वहां स्कूल संचालित करना बहुत खतरा है। लीलावती साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने उक्त भवन के संबंध में लिखित में विभाग को जानकारी दे चुकी है एवं ग्राम पंचायत गोपालपुर को अवगत कराया गया, तो ग्राम सभा में उपस्थित सदस्यों ने भवन के स्थिति के देखते हुए स्कूल लगाने के लिए मना किया। वैकल्पिक व्यवस्था सामुदायिक (साहू) भवन में स्कूल संचालित करने की सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है। लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने वहां व्यवस्थित जगह नहीं होने के कारण अपने निवास स्थान में स्कूल लगा रही है। उक्त भवन के संबंध में ग्राम सुराज तिहार धोबनी में आवेदन लगा चुकी है, लेकिन आज पर्यन्त तक नये भवन की स्वीकृति नहीं मिली है। भाजपा के पति राम नाथ साहू कलेक्टर के जन दर्शन में भवन की जानकारी दी एवं नया भवन स्वीकृति करने की मांग की। भवन की जांच में नन्दनी कुमारी साहू सुपरवाइजर को भेजा गया था। लेकिन जांच में सही पाया गया। उन्होंने सरपंच को नया पंचायत प्रस्ताव देने की बात कही। सुपरवाइजर ने किराया मे नजदीक में मकान खोजने कहीं, लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने मकान नहीं मिलने की बात कही।

# जिले में स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर.) मद के सहयोग से इस वर्ष बलौदाबाजार स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर का संचालन स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रारंभ किया गया है। प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से जिले के बालक एवं बालिकाओं को अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे तथा सायं 5 बजे वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, मल्लखम्ब एवं कराते खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

प्रशिक्षण केंद्र का उद्देश्य जिले की खेल प्रतिभाओं को प्रारंभिक स्तर से ही व्यवस्थित प्रशिक्षण उपलब्ध कराना तथा उनके खेल कौशल, शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता एवं अनुशासन का समग्र विकास करना है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ी स्कूल गेम्स, ओपन जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे तथा जिले एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाने का अवसर प्राप्त करेंगे। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने जिले के सभी इच्छुक बालक-बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बलौदाबाजार स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर' से जुड़कर प्रशिक्षण का लाभ उठाएं तथा खेलों के माध्यम से स्वस्थ, अनुशासित भविष्य का निर्माण करें।

# शाला प्रबंधन समिति की चेतना बनीं अध्यक्ष एवं लुकेश उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी में शाला प्रबंधन समिति का गठन पालकों पंचायत प्रतिनिधियों शिक्षाविद एवं शिक्षकों की उपस्थिति में किया गया। बैठक में उपस्थित पालकों द्वारा सर्वसम्मति से 16 सदस्यों का चयन किया गया। समिति के गठन में शासन के निर्धारित सभी प्रावधानों एवं नियमों का पालन किया गया। गठित समिति में पालक प्रतिनिधियों के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधि शिक्षाविद् तथा वरिष्ठ शिक्षक को भी स्थान दिया गया जिससे विद्यालय के समग्र विकास में सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित हो सके। उपस्थित सभी पालकों ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा विद्यालय प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एकमत होकर सदस्यों का चयन किया। जिसमें चेतना साहू अध्यक्ष, लुकेश कुमार साहू उपाध्यक्ष, सदस्यों में मुकेश कुमार साहू, दीपक वर्मा, खिलावन साहू, नोहरी साहू सरपंच, रामेश्वर लहरी उपसरपंच, रोशन लाल साहू, लेखराम ध्रुव, शिक्षाविद् मालती वर्मा, रमा वर्मा, ज्योति साहू, टाकेश्वरी साहू, ऋषि वर्मा, देवकी ध्रुव, शिक्षक गजपति प्रसाद ध्रुव एवं ईश्वर प्रसाद रजक सचिव को सचिव चुना गया। सभी सदस्यों ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा स्वच्छ एवं सुरक्षित विद्यालय परिसर मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की निगरानी विद्यालय विकास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं को सफल बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पालकगण पंचायत प्रतिनिधि शिक्षक गजपति प्रसाद ध्रुव, हेमकुमार देवांगन, राजेश कुमार सेन, गिरीश कुमार वर्मा, सत्यनारायण बंजारे, प्रेम माया ध्रुव, माधुरी कंवर, रसोईया राजकुमारी वर्मा, शिवकुमारी यादव, आरती साहू तथा सफाई कर्मचारी लता साहू एवं राम्हीन यादव उपस्थित थे।



**आयोग ने ठीक से कार्य नहीं करने पर दिया आदेश**

# उपभोक्ता की संतुष्टि अनुसार करना होगा बोर खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बोर खनन कार्य सही तरीके से नहीं करने तथा खनन में आई कमी को दूर करने में आना-कानी करने के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा विरोधी पक्षकार को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए उपभोक्ता की संतुष्टि अनुसार बोरिंग के कार्य को आदेश से 45 दिवस के भीतर पूर्ण किये जाने का आदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कोनी भाटापारा निवासी परिवादी उत्तरा कोसले द्वारा विरोधी पक्षकार मोहित वर्मा निवासी मोती बाड़ी, भाटापारा से अनुबंध स्थापित कर अपनी निजी भूमि में 400 फीट की गहराई का बोर कराने बाबत 50080 रुपए का भुगतान किया परंतु विरोधी पक्षकार द्वारा उक्त भूमि में मात्र 325 फीट गहराई का खोदाई कार्य किया। 1 केसिंग के स्थान पर 3 केसिंग पाइप डाला गया जो नीचे जाकर मुड़ गया जिससे बोरवेल में मोटर स्थापित नही हो पाया। उक्त कमियों को दूर किये जाने बाबत विरोधी पक्षकार से अनुरोध किया गया जिसे विरोधी पक्षकार ने अस्वीकार कर दिया। जिससे परिवेदित होकर परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि विरोधी पक्षकार द्वारा तर्क दिया गया कि परिवादी की उपस्थिति में बोरवेल खनन का कार्य किया गया था। पर्याप्त पानी आने से परिवादी द्वारा ही 325 फीट से आगे खनन कार्य को रोका गया था। विरोधी पक्षकार द्वारा डाले गए केसिंग पाइप के मुड़ने के कारण परिवादी का क्रय किया हुआ 5 एच पी का मोटर पम्प बोर में स्थापित नही हो पाया और बोर अक्रियाशील रह गया। परिवादी ने मिस्त्री को बुलाकर उक्त बोर में पम्प स्थापित करने का प्रयास किया परन्तु कार्य सफल नहीं हो पाया। विरोधी पक्षकार को पंजीकृत नोटिस के माध्यम से संपर्क कर बोरवेल खोदाई में आई कमी से अवगत कराया परंतु विरोधी पक्षकार के द्वारा कोई कार्य नही किया गया। बोरवेल के खनन के पश्चात कही अन्य स्थान पर भी बोरवेल का खनन नही किया गया है। विरोधी पक्षकार के द्वारा राशि तो लिया गया परंतु सुविधाएं उपभोक्ता को प्रदान नहीं की गई है जो व्यावसायिक कदाचरण की श्रेणी का कृत्य है। विरोधी पक्षकार के उपेक्षापूर्ण कृत्यों के कारण परिवादी को परेशान होकर उक्त परिवाद आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना पड़ा है। आयोग ने विरोधी पक्षकार मोहित वर्मा मोती बाड़ी भाटापारा को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए उपभोक्ता की संतुष्टी के अनुसार अनुबंध के अनुरूप बोरिंग के कार्य को आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर पूर्ण किये जाने का आदेश दिया है। विहित समयावाधि में कार्य नहीं करने पर खनन के मद में प्राप्त राशि 50000 रूपये में से 30 प्रतिशत राशि कटौती कर शेष राशि परिवादी को प्रदाय करेगा एवं उपभोक्ता को मानसिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 5000 तथा वाद-व्यय हेतु 3000 रुपए परिवादी आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर प्रदाय किये जाने का आदेश किया गया है।

### नियम की अवहेलना करने वाले होंगे सामाजिक दोषी

# धोबी समाज में डीजे बजाना दो वर्षों से है बंद, आगे भी रहेगा जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी




जिला धोबी समाज के अंतर्गत आने वाले 10 राज के पदाधिकारियों एवं जिले के समस्त पदाधिकारियों की एक दिवसीय बैठक सिंगापुर में हुई। बैठक की अध्यक्षता बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष श्रीराम रजक द्वारा किया गया। बैठक में जिला धोबी समाज द्वारा पिछले दो वर्षों से शादी छट्टी व अन्य कार्यों में डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। उक्त प्रतिबंध को आगे भी जारी रखने का निर्णय लिया गया। उक्त निर्णय की अवहेलना करने वालों को सामाजिक दोषी माना जाएगा। और सामाजिक नियम के तहत कार्यवाही किया जाएगा। सिंगापुर मावली में आयोजित जिला धोबी समाज की बैठक का शुभारंभ श्रीराम जानकी की पूजा अर्चना कर किया गया। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया जिसमें बलौदाबाजार जिले में पिछले दो वर्षों से शादी छट्टी व अन्य सामाजिक कार्यों में डीजे बजाना पूर्ण रूप से बंद है और आगे भी डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया। अवहेलना करने वालों पर सामाजिक कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया। जिला धोबी समाज को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने जिले के अंतर्गत आने वाले सभी राज से प्रतिवर्ष पांच हजार रुपए जिला में देने का निर्णय लिया गया। वही जिला पदाधिकारियों के द्वारा भी प्रति वर्ष 500 सौ रुपए जिला में जमा करेंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष श्रीराम रजक झड़ीराम कन्नौजे, लोकेश कन्नौजे, निर्मला रजक, मनोज निर्मलकर, कमलेश रजक, अशोक निर्मलकर, नीलमणि चौधरी, पन्नालाल रजक, शीला देवी रजक, त्रिलोचन रजक, शंकर रजक, नोहर निर्मलकर, उमाशंकर कर्ष, द्वारिका निर्मलकर, ईश्वर प्रसाद रजक, नारायण निर्मलकर, अश्वनी रजक, अरूण कन्नौजे, मनराखन कन्नौजे, चोवाराम निर्मलकर, जनक राम निर्मलकर, शिवकुमार निर्मलकर, हंस रजक, श्यामता रजक, हार्दिक रजक, परशु निर्मलकर सहित समाजजन उपस्थित थे।

